DATE - 23 - 01 - 2025

DAINIK BHASKAR, PAGE - 2, SURAT

दौरा: मनपा के इंटिग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर भी गए समिति के सदस्य

विधानसभा की उद्यम समिति ने ड्रीम सिटी मेट्रो स्टेशन, चौक बाजार और एलएच रोड में टनल का कार्य देखा

सिटी रिपोर्टर | सूरत

गुजरात विधानसभा की सार्वजनिक उद्यम समिति ने सूरत मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट की विभिन्न साइट और इंटिग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का दौरा किया। समिति के अध्यक्ष विधायक गणपत वसावा के नेतृत्व में समिति के सदस्य विधायक जीतू चौधरी, पूर्णेश मोदी, महेश कसवाला, प्रवीण घोघारी ने खजोद में निर्माणाधीन ड्रीम सिटी मेट्रो स्टेशन, चौक बाजार, लंबे हनुमान रोड की मेट्रो टनल के कार्य का अवलोकन किया। समिति ने ड्रीम सिटी में मेट्रो के एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो भवन, स्टेबलिंग शेड, वर्कशॉप शेड, यार्ड एरिया, डिपो स्टोर और इंस्पेक्शन बे एरिया की जानकारी ली। इसी तरह लाभेश्वर चौक, लंबे हनुमान रोड पर निर्माणाधीन मेट्रो टनल के कार्य का निरीक्षण कर जरूरी सुझाव दिए। समिति के सदस्यों ने ICCC (इंटिग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर) में इमरजेंसी रिस्पॉन्स और प्रबंधन सहित रियल टाइम मॉनिटरिंग कार्य भी देखा। मेट्रो डायरेक्टर (प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग) आनंद सिंह बिष्ट और मनपा आयुक्त शालिनी अग्रवाल ने समिति को जरूरी जानकारी दी।